दिनांक 26.08.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने चैंजिंग रूम का किया लोकार्पण, फुटबॉल में दिखाया अपना दमखम

भिलाईनगर/ यूथ खेल एवं सांस्कृतिक मंच द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सेक्टर 9 हास्पिटल ग्राउंड में आयोजित हुआ। विधायक एवं महापौर देवेद्र यादव ने खिलाड़ियों को चैंजिग रूम की सौगात दी तथा विजेता खिलाड़ियों को प्रतीक चिन्ह के सम्मान से नवाजते हुए कहा कि प्रतियोगिता में टीम भावना से खेलना चाहिए, जीत हार जीवन का अंग है उन्होंने कहा कि वे खुद फुटबाॅल के अच्छे खिलाड़ी रहे है , खिलाड़ियों से परिचय के दौरान उन्होने फुटबाल में अपना दमखम दिखाया और एक गोल भी किया। यूथ खेल एवं सांस्कृतिक मंच द्वारा राज्य स्तरीय मेमोरियल फुटबाॅल टूर्नामेंट प्रतियोगिता आयोजन सेक्टर-09 फुटबाल ग्राउण्उ में किया गया । टूर्नामेंट के फाइनल मैच व पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि विधायक व महापौर देवेन्द्र यादव खेल मैदान पहुंचे थे जिन्होंने टूर्नामेंट के समापन समारोह के अवसर पर चैंजिंग रूम का लोकार्पण कर खिलाड़ियों को सौगात दी। फुटबाॅल ग्राउंड में रोजाना विभिन्न खेल के प्रेक्टिस करने वाले खिलाड़ियों के लिए चैंजिंग रूम का उद्घाटन होने से खिलाड़ियों ने महापौर का आभार जताया। टूर्नामेंट में विजेता टीम को ट्राफी महापौर के हाथों प्रदान किया गया। आयोजक समिति के रमेश कुमार ने बताया कि राज्य स्तरीय फुटबाॅल टूर्नामेंट में 6 जिले और दुर्ग जिले से 6 टीमों ने हिस्सा लिया।

जनसम्पर्क अधिकारी